विधि महाविद्यालय के प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

सिरोही. राजकीय विधि महाविद्यालय के विधि प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए वांछित अनुमति आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर से प्राप्त हो चुकी है। अनुमति बार काउंसिल ऑफ इण्डिया की शर्तों पर दी गई है। प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 23 सितम्बर को दोपहर 2 बजे तक रहेगी। इसके लिए छपे हुए कॉमन आवेदन प्रपत्र महाविद्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। पूरी तरह भरे हुए आवेदन पत्र मय दस्तावेज व स्वयं प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ निर्धारित अन्तिम तिथि तक जमा करवाए जा सकते हैं। अंतरिम प्रवेश सूची का प्रकाशन 27 सितम्बर को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। उसी दिन दोपहर 2:00 बजे तक प्रवेश सूची बाबत आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेंगी। शुल्क जमा करवाने की अन्तिम तिथि 29 सितम्बर रहेगी। प्रवेशित विद्यार्थियों की अंतिम सूची 30 सितम्बर को प्रकाशित की जाएगी।